PRESS RELEASE

केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय के ‘सभागार’ में दिनांक 21 फरवरी, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय मातृ- भाषा दिवस के उपलक्ष्य में अपराह्न 3:00 बजे “क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग और ग्राहक सेवा पर इसका सकारात्मक प्रभाव” विषय पर हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक श्री टी के वेणुगोपाल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती सीना राजेन्द्रन, उप निदेशक व प्रख्यात भाषाविद, यूआर राव उपग्रह केंद्र, इसरो बेंगलूरु विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित की गईं।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की एवं क्षेत्रीय भाषा में ग्राहक सेवा प्रदान करने के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर श्रीमती सीना राजेन्द्रन ने कहा कि मातृभाषा मन से मन को जोड़ती है और हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति से संबंध स्थापित करवाती है। श्री टी के वेणुगोपाल, महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे जिस क्षेत्र में कार्य करते हैं उस क्षेत्र विशेष की भाषा और सभ्यता को समझ कर ग्राहक सेवा प्रदान करें ताकि हम बेहतर ढंग से ग्राहक से जुड़ सकें।

Internal

Publicity & Public Relations Section
Marketing, Public Relations & Third Party Products Wing
2nd Cross, Gandhi Nagar HO
Bengaluru – 560009

Tel no: 080-22340477
E mail:hoppr@canarabank.com
www.canarabank.com